# यूपीईएस ने जीता शहीद मेमोरियल कप

## क्रिकेट स्पर्धा

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। यूपीईएस में शहीद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब यूपीईएस ब्लू की टीम ने लगातार पांचवीं बार जीता है। शुक्रवार को टीम ने फाइनल मुकाबले में सिंचाई विभाग हरिद्वार की टीम को शिकस्त दी।

यूपीईएस ब्लू के प्रशांत चौधरी को फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। 10 विकेट चटकाने वाले यूपीईएस ब्लू के ही मोहित मियां को बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिला। अमन नेगी ने 374 रन बनाकर बेस्ट बैट्समैन और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता।

बतादें कि 2 जनवरी 2025 को शुरू हुए इस 11वें टूर्नामेंट को चार पैरा स्पेशल फोर्सेस के दिवंगत पीटीआर अमित कुमार अंथवाल के नाम समर्पित किया गया था। जिन्होंने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में एक अभियान के दौरान देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।वहीं, प्रोजेक्ट नमन के तहत यूपीईएस ने दिवंगत पीटीआर अमित कुमार अंतवाल के परिवार को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी है।



देहरादून में शुक्रवार को शहीद अमित कुमार के परिजनों को पांच लाख रुपये की सहायता का चेक प्रदान करते यूपीईएस के पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान